**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1313**
**30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ**

**विषय: न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समिति**
**1313. श्री आनंद भदौरिया:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गठित समिति की 12 जुलाई, 2022 से जुलाई, 2024 तक कितनी बैठकें हुईं तथा बैठकों की बैठक-वार तिथियां और कार्य-सूची क्या है;

(ख) क्या सरकार स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों के अनुसार वर्तमान सत्र के दौरान किसानों को एमएसपी संबंधी कानूनी गारंटी प्रदान करने हेतु कानून लाने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और 2021 में किसान निकायों से किए गए अपने वादे से पीछे हटने के क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>**

(क) से (घ): सरकार प्रतिबद्ध है कि एमएसपी का पूरा लाभ देश के किसानों तक पहुंचे। इसीलिए सरकार द्वारा देश के किसानों के लिए एम.एस.पी की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर सुझाव देने के लिए एक समिति गठित की गयी है। इसके अतिरिक्त, इस समिति को कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी.ए.सी.पी) को अधिक स्वायत्तता देने की व्यावहारिकता तथा इसको और अधिक वैज्ञानिक बनाने के उपायों; तथा उच्चतर मूल्य सुनिश्चित करने की दृष्टि से देश की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार कृषि विपणन प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने हेतु सुझाव देने का भी अधिदेश दिया गया है। यह समिति प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण के विषयों पर भी कार्य कर रही है। इस समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं एवम 22 जुलाई 2022 से अब तक 6 बैठकें हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त विषयों पर विभिन्न उप-समितियों की 35 बैठकें भी आयोजित की गई हैं।

*****